दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 10 जुलाई 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 283

# कठुआ आतंकी हमले में शहीद हुए 5 जवान उत्तराखंड के, सीएम धामी ने जताया दुख

**देहरादून । आरएनएस**

जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले में शहीद पांच जवान सभी उत्तराखंड के थे। सूबेदार आनंद सिंह, हवलदार कमल सिंह, राइफलमैन अनुज नेगी, राइफलमैन आदर्श नेगी, नायक विनोद सिंह आतंकी हमले में शहीद हो गए। इन जवानों की शहादत के बाद पूरे प्रदेश में शोक की लहर दौड़ गई है, साथ ही शहीदों के घरों में मातम छा गया है। उनके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने घटना पर गहरा दुख जताया है।

शहीद होने वालों में टिहरी जिले के 26 वर्षीय राइफलमैन आदेश नेगी ने इतनी कम उम्र में देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। इसके साथ ही सूबेदार आनंद सिंह, हवलदार कमल सिंह, राइफलमैन अनुज नेगी, नायक विनोद सिंह भी शहीद हो गए।

सोमवार को जम्मू कश्मीर में कठुआ जिले के माचेडी इलाके में सेना के एक ट्रक पर घात लगाकर कुछ आतंकवादियों ने हमला कर दिया था। इस आतंकवादियों के हमले में जूनियर कमीशन अधिकारी (जेसीओ) समेत पांच जवान शहीद हो गए और पांच अन्य घायल हो गए।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस आतंकी घटना पर गहरा दु:ख जताया है। उन्होंने कहा कि कठुआ (जम्मू कश्मीर) में सेना के काफिले पर आतंकवादी हमले में पांच जवानों के शहीद होने का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। इस कायरतापूर्ण हमले की निंदा करता हूं और पूर्ण विश्वास के साथ कह सकता हूं कि मानवता के ये दुश्मन बख्शे नहीं जाएंगे। ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा को शांति व शोकाकुल परिजनों को यह असीम कष्ट सहने की शक्ति प्रदान करने तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

साथ ही उन्होंने आदेश नेगी के साथ उत्तराखंड के पांचों जवानों की शहादत पर दु:ख जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर के कठुआ में आतंकियों द्वारा किए गए कायराना हमले में जनपद टिहरी के आदर्श नेगी के शहीद होने का समाचार अत्यंत दुखद है। मां भारती की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त आदर्श नेगी का यह सर्वोच्च बलिदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। ईश्वर से प्रार्थना है कि पुण्यात्मा को श्रीचरणों में स्थान एवं शोकाकुल परिजनों को यह असीम दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। विनम्र श्रद्धांजलि!

**राजनाथ सिंह ने कहा, शहीदों के परिजनों के साथ खड़ा है राष्ट्र-** जम्मू कश्मीर में हुए एक आतंकवादी हमले में भारतीय सेना के पांच जवान शहीद हो गए। यह वारदात तब हुई जब आतंकवादियों ने सेना के वाहन पर ग्रेनेड से हमला किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवादी हमले में जवानों की मृत्यु पर दुख व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने इन वीर जवानों के परिवारों को भरोसा दिलाया कि पूरा राष्ट्र उनके साथ है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, बदनोटा, कठुआ (जम्मू-कश्मीर) में एक आतंकवादी हमले में हमारे पांच बहादुर भारतीय सैनिकों की मौत से मुझे गहरा दुख हुआ है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं, इस कठिन समय में राष्ट्र उनके साथ मजबूती से खड़ा है।

रक्षा मंत्री ने जम्मू कश्मीर में आतंकवाद विरोधी मिशन पर कहा कि आतंकवाद विरोधी अभियान चल रहे हैं और हमारे सैनिक क्षेत्र में शांति और व्यवस्था कायम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मैं इस कायरतापूर्ण आतंकी हमले में घायल हुए जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।



जम्मू-कश्मीर के कठुआ में सोमवार को आतंकियों ने भारतीय सेना की गाड़ी पर घात लगाकर हमला किया था। इस आतंकी हमले में सेना के 5 जवान शहीद हो गए और पांच अन्य जवान जख्मी भी हुए हैं। घायल सैनिकों को सेना के अस्पताल में भर्ती किया गया है। आतंकियों ने यहां सेना के वाहन पर ग्रेनेड से हमला करने के साथ ही गोलीबारी भी की थी।

सेना के वाहन पर हुए इस हमले के बाद सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। फिलहाल सेना ने इलाके को घेर लिया है। यहां आतंकवादियों की तलाश में सुरक्षाबलों द्वारा सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। गौरतलब है कि बीते दो महीनें में सेना के वाहन पर यह दूसरा आतंकवादी हमला है।

सैन्य अधिकारियों ने कहा कि इस हमले में आतंकियों ने सेना की गाड़ी पर ग्रेनेड फेंके और इसके बाद फायरिंग शुरू कर दी। जिस वक्त यह हमला हुआ उसे समय सेना के जवान अपनी रूटीन पेट्रोलिंग पर थे।

## कठुआ में आतंकी हमले के बाद जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर सुरक्षा कड़ी

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में आतंकी हमले के बाद जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है। सोमवार को कठुआ के बदनोटा इलाके में भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने एक गश्ती दल पर घात लगाकर हमला किया था, जिसमें पांच शहीद हो गए थे और कई घायल हो गए थे। आतंकवादियों की तलाश के लिए इलाके में तुरंत एक बड़ा सीएएसओ (घेराबंदी और तलाशी अभियान) शुरू किया गया। सीएएसओ में लगे सुरक्षा बलों की ताकत बढ़ाने के लिए सेना के शीर्ष पैरा कमांडो को इलाके में हवाई मार्ग से उतारा गया। जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर किसी भी आतंकी हमले को रोकने के लिए रियासी, उधमपुर और रामबन जिलों में राजमार्ग पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवानों को पर्याप्त संख्या में तैनात किया गया है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब अमरनाथ यात्रा के 11वें जत्थे ने मंगलवार को जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर यात्रा की। यह राजमार्ग जम्मू संभाग के रियासी, उधमपुर और रामबन जिलों से होकर गुजरता है। इस आतंकी हमले में घायल हुए पांच जवानों को आगे के इलाज के लिए पड़ोसी राज्य पंजाब के पठानकोट शहर के सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दो अज्ञात शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**बेरमो (आरएनएस)।** बोकारो जिला के बेरमो अनुमंडल के गोमिया और आईईएल थाना क्षेत्र में अलग अलग जगहों में दो अज्ञात शव बरामद किया गया है. एक व्यक्ति की मौत अज्ञात वाहन के चपेट में आने से हुई है, वहीं दूसरा शव कोनार नदी से बरामद किया गया है. बता दें कि गोमिया थाना क्षेत्र के हजारी मोड़ स्थित पेट्रोल पंप के निकट एक व्यक्ति घायल अवस्था में मिला. गोमिया थाना की पेट्रोलिंग पार्टी ने उसे तत्काल गोमिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया. चिकिसकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल बोकारो भेज दिया. वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. पुलिस उसकी पहचान के लिए जांच पड़ताल कर रही है. दूसरा शव सोमवार की सुबह ससबेड़ा पंचायत के चिरुबदार स्थित कोनार नदी में झाड़ी में एक व्यक्ति का शव देखा गया. स्थानीय लोगों ने तुरंत आईईएल थाना की पुलिस को दी. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नदी से बरामद किया. पानी में रहने के कारण बॉडी फूल गया है. उसकी पहचान के लिए पुलिस लगी हुई है.

### ढोंगी बाबाओं की अब खैर नहीं, 20 को ब्लैक लिस्ट करेगा अखाड़ा परिषद

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** हाथरस कांड के बाद कई प्रकार के एक्शन देखने को मिल रहे हैं। इसी तरह का एक्शन अब ढोंगी बाबाओं के खिलाफ देखने को मिलेगा।दरअसल 20 ढोंगी बाबाओं को ब्लैक लिस्ट करने की तैयारी की जा रही है। इस संबंध में 13 अखाड़ों के बीच सहमति बन चुकी है। कुंभ मेला प्रशासन के साथ 18 जुलाई को होने जा रही बैठक में अखाड़ा परिषद की ओर से इसका प्रस्ताव रखा जाएगा। 2025 में संगम नगरी प्रयागराज में महाकुंभ लगने वाला है। हाथरस की घटना के बाद अखाड़ा परिषद ने एक बड़ा निर्णय लिया है.

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से आटो के उड़े परखच्चे, पांच सवारियों की मौत

**बेगूसराय । आरएनएस**



बिहार के बेगूसराय के एफसीआई सहायक थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक कार और ऑटो की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए।

घायलों में से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक, यह हादसा बिहटा और बेगूसराय मार्ग के रतनपुर चौक पर हुई है। सडक़ हादसे में कार और ऑटो के बीच जोरदार टक्कर हुई है, जिसमें ऑटो के परखच्चे उड़ गए।

घटना मे पांच लोगों की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। एफसीआई थाना की प्रभारी अंजली ने बताया कि कुछ लोग ऑटो पर सवार होकर सिमरिया से जीरो माइल की ओर जा रहे थे। इस दौरान रतनपुर चौक के पास एक कार से ऑटो की जोरदार टक्कर हो गई।

हादसे में घटनास्थल पर ही पांच लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि फिलहाल मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। अभी यह भी कहना मुश्किल है कि सभी मृतक ऑटो पर ही सवार थे।

उन्होंने बताया कि पुलिस सभी शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दी है। घायलों में एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कटरा बिल्हौर हाईवे पर अनियंत्रित निजी बस घर में घुसी, तीन महिलाओं समेत चार लोगों की मौत, 6 घायल

**हरदोई । आरएनएस**



भीषण सडक़ हादसे में चार की मौत हो गई जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।हरदोई से उन्नाव जा रही निजी बस कटरा-बिल्हौर हाईवे पर अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे एक झोपड़ी नुमा घर में जा घुसी और घर के बाहर बैठे लोगों पर पलट गई।घटना के बाद हडक़ंप मच गया, आनन फानन जेसीबी की मदद से मलबे को हटाकर सभी को बाहर निकाला गया लेकिन तब तक तीन महिलाओं समेत चार की मौत हो गई,वहीं बस में सवार गंभीर रूप से घायल 6 लोगों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।बताया जा रहा है कि हाईवे पर गड्ढे में बस का पहिया जाने से सॉफ्ट टूट गया और बस अनियंत्रित होकर झोंपड़ी नुमा घर में घुस गई।फिलहाल मौके पर डीएम एसपी समेत भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अमला राहत बचाव में जुटा हुआ है।

जिले में कटरा बिल्हौर हाईवे पर थाना माधौगंज क्षेत्र में शेखवापुर गांव में अनियंत्रित बस एक झोपड़ीनुमा घर में जा घुसी।हादसे में शेखवापुर गांव के रहने वाले अलाउद्दीन की पत्नी ननहक्की (50),उस्मान की पत्नी आशा (55),अली रजा की पत्नी मोमिना (40) और मोहम्मद शफी के 15 वर्षीय बेटे सूफियान की मौत हो गई।बताया जा रहा है कि सभी घर के बाहर चारपाई पर बैठे थे तभी हरदोई से उन्नाव जा रही बस अनियंत्रित होकर घर में जा घुसी और फिर पलट गई। जिससे मिट्टी की दीवार के मलबे में सभी दब गए।हादसे के बाद कोहराम मच गया ,आनन फानन स्थानीय पुलिस के साथ प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और जेसीबी की मदद से मलबा हटवाकर सभी को बाहर निकलवाकर अस्पताल भिजवाया,जहां चिकित्सकों ने सभी को मृत घोषित कर दिया।बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त बस में 25 यात्री सवार थे जिनमें 6 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।मौके पर स्थानीय पुलिस के साथ प्रशासनिक अफसर मौजूद हैं और राहत बचाव कार्य में जुटे हैं। बताया जा रहा है कि हरदोई से उन्नाव जा रही बस का पहिया हाईवे पर गड्ढे में पड़ जाने से उसका सॉफ्ट टूट गया था जिसके कारण बस अनियंत्रित हो गई और घर में जा घुसी थी।फिलहाल मौके पर मौजूद पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी है।

# अमेठी : पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा, बस सवार 5 लोगों की मौत

**अमेठी । आरएनएस**




उत्तर प्रदेश के अमेठी से गुजरने वाले पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के माइलस्टोन 68.8 के पर बस और अज्ञात वाहन के बीच जोरदार टक्कर हुई। इससे बस में सवार 5 लोगों की मौत हो गई जबकि एक दर्जन यात्री घायल हो गए।

जानकारी के मुताबिक प्राइवेट बस दिल्ली से बिहार के सिवान जा रही थी। रात करीब 2 बजे ये दर्दनाक हादसा हुआ। जब यात्री बस एक अज्ञात वाहन में जा घुसी।

इस हादसे में घायल यात्रियों का इलाज जिला अस्पताल समेत नजदीकी सीएचसी में किया जा रहा है।

दुर्घटना की सूचना पर एसपी, एएसपी समेत सीओ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने बताया कि हादसा शुक्ल बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत माइलस्टोन 68.8 के पर हुआ। पुष्टि की कि हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई जबकि घायलों को जिला अस्पताल और नजदीकी सीएचसी में भर्ती कराया गया।

वहीं, अमेठी से ही गुजरने वाले प्रयागराज -सुल्तानपुर हाईवे पर मंगलवार तडक़े हादसा हुआ। जिसमें तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे खड़ी ट्रक में जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। इस दुर्घटना में कार सवार शख्स बुरी तरह घायल हो गया।

हादसा रामगंज थाना क्षेत्र में हुआ। जहां सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए सुल्तानपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

## गांधी नगर इलाके में तेज रफ्तार से बाइक दौड़ा रहे दो दोस्त कार से टकराए, उछलकर 50 फीट दूर गिरे, दोनों की मौत

**इंदौर (आरएनएस)।** गांधी नगर इलाके में नावदा पंथ पर तेज रफ्तार में बाइक दौड़ा रहे दो युवा एक कार में घुस गए। एक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया तो दूसरे ने इलाज के दौरान 5 घंटे बाद दम तोड़ा। उधर, सुपर कॉरिडोर जाने वाले रास्ते पर रेड सिग्नल पर खड़े एक दंपती को पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। महिला सिर के बल गिरी और उनकी मौत हो गई। इसी तरह आजाद नगर इलाके में एक प्राइवेट बस ने निगम कर्मचारी को कुचल दिया, उनकी भी मौके पर मौत हो गई। वे 31 जुलाई को रिटायर होने वाले थे। गांधी नगर पुलिस के अनुसार नावदा पंथ रोड पर रविवार रात हुए हादसे में आकाश (20) पिता कैलाश परमार निवासी दिलीप नगर की मौके पर ही मौत हो गई। उसका पड़ोसी दोस्त शिवम (21) पिता धनसिंह की घटना के पांच घंटे बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। दोनों घूमने निकले थे।

बाइक आकाश चला रहा था। टक्कर लगते ही आकाश और शिवम 50-50 फीट दूर उछलकर जा गिरे। आकाश ईंट भट्टे पर तो शिव फसल काटने का काम करता था। घटना के बाद एक वीडियो किसी युवक ने बनाया है। वह वीडियो में कह रहा है कि ये दोनों लडक़े काफी तेजी से बाइक दौड़ा रहे थे, इस वजह से हादसा हुआ है। सोमवार अलसुबह शिवम की मौत की पुष्टि हुई तो परिजन शव लेकर जुलवानिया से आगे 150 किमी दूर चले गए थे। पुलिस का फोन आया तो पीएम कराने शव लेकर फिर इंदौर आए।

# जम्मू-कश्मीर के पुंछ में सेना ने पाकिस्तानी ड्रोन पर की फायरिंग

**जम्मू । आरएनएस**

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास भारतीय सेना ने एक पाकिस्तानी ड्रोन पर फायरिंग की। घटना सोमवार शाम को हुई। अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि ड्रोन भारतीय क्षेत्र में मंडरा रहा था, लेकिन बाद में उसे वापस लौटना पड़ा। अधिकारियों ने बताया, एलओसी की सुरक्षा कर रहे सेना के जवानों ने कल रात करीब 9.15 बजे 1,000 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर एक पाकिस्तानी ड्रोन की हरकत देखी और उस पर पांच राउंड फायरिंग की, जिससे वह वापस लौट गया।


अधिकारियों ने आगे बताया कि आधे घंटे से अधिक समय बाद, एक पाकिस्तानी ड्रोन को फिर से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करते देखा गया और उस पर दो और राउंड फायर किए गए, जिसके बाद वह भी वापस चला गया।

अधिकारियों ने कहा, सेना ने आज सुबह सीमा के पास के गांवों में तलाशी अभियान शुरू कर दिया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ड्रोन ने कोई हथियार या नशीला पदार्थ तो नहीं गिराया है।

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पहले ही भारतीय क्षेत्र में ड्रोन से गिराए गए हथियारों और नशीले पदार्थों की बरामदगी की जानकारी देने वाले को 3 लाख रुपये का नकद इनाम देने की घोषणा की है।

# टेकऑफ करते ही निकल गया विमान का पहिया, बाल-बाल बचे 174 यात्री

**लॉस एंजिल्स**




अमेरिका के लॉस एंजिल्स में एक बड़ा हादसा होने से टल गया। लॉस एंजिल्स से उड़ान भरने वाले यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान का पहला पहिया निकल गया। हालांकि बाद में विमान को डेनवर में सुरक्षित रूप से उतारा गया, एयरलाइन ने इसकी जानकारी दी है। यूनाइटेड कंपनी ने एक बयान में इस घटना के बारे में जानकारी देते हुए कहा, जमीन पर या फ्लाइट 1001 पर किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। बयान में आगे कहा गया, 'पहिया लॉस एंजिल्स में बरामद कर लिया गया है और हम जांच कर रहे हैं कि इस घटना का कारण क्या था।'


बोइंग 757-200 में 174 यात्री और चालक दल के सात सदस्य सवार थे। वहीं इससे पहले 7 मार्च को भी एक इस तरह की घटना सामने आई थी। 7 मार्च को, यूनाइटेड बोइंग क्च777-200 जेट का सैन फ्रांसिस्को से उड़ान भरने के बाद हवा में एक टायर टूट गया। फिर इसे एयरपोर्ट के कर्मचारी पार्किंग स्थल में एक कार पर उतरा गया। इस घटना में भी किसी के हताहत होने की कोई जानकारी सामने नहीं आई थी।

बता दें कि कंपनी की ओर से जल्द से जल्द दूसरे एयरक्राफ्ट की व्यवस्था की गई थी, जिससे सभी यात्रियों को सुरक्षा पूर्वक ओसाका भेजा गया। 777-200 के दो मुख्य लैंडिंग गियर स्ट्रट्स में से प्रत्येक पर छह टायर हैं। विमान को लापता या क्षतिग्रस्त टायरों के साथ सुरक्षित रूप से उतरने के लिए डिजाइन किया गया है।

# इटाढ़ी किसान उत्पादक कंपनी ने कृषि उत्पादों के क्षेत्र में बिहार को दिलाई एक खास पहचान

**दिल्ली एफपीओ मेले में गुणवत्ता वाले उत्पादों को खरीदने उमड़े लोग**

**नई दिल्ली । आरएनएस**



बिहार के बक्सर जिला के इटाढ़ी ब्लॉक में स्थित इटाढ़ी किसान उत्पादक कंपनी ने कृषि उत्पादों के क्षेत्र में बिहार को एक खास पहचान दिलाई है। यह कंपनी चने का सत्तू, चने की दाल का बेसन, छप्पन भोग चावल, सोना मंसूरी चावल, सोना चूर चावल और विभिन्न प्रकार के आचार जैसे उत्पाद तैयार करती है और उस क्षेत्र के किसानों की आय में वृद्धि करने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मदद कर रही है। हाल ही में दिल्ली के आईएनए स्थित दिल्ली हाट में आयोजित एफपीओ (किसान उत्पादक संगठन) मेले में इस कंपनी ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। इस तीन दिवसीय मेले में 30,000 से अधिक आगंतुक पहुंचे और लगभग 1 करोड़ रुपये के उत्पादों की बिक्री हुई। यह मेला किसानों और उपभोक्ताओं के बीच सीधे संपर्क का एक महत्वपूर्ण माध्यम बना। मेले में 55 एफपीओ के तहत 1 हजार किसानों के विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। इस आयोजन ने किसानों को अपने उत्पादों को एक बड़े बाजार में प्रदर्शित करने का मौका दिया और उपभोक्ताओं को सीधे किसानों से उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद खरीदने का अवसर प्राप्त हुआ। इस मेले में इताढ़ी किसान उत्पादक कमंपनी ने अपने उच्च गुणवत्ता वाले चने के सत्तू, चने की दाल के बेसन, छप्पन भोग चावल, सोना मंसूरी चावल, सोना चूर चावल और विभिन्न प्रकार के किसानों द्वारा तैयार उत्पादों से बिहार को एक खास पहचान दिलाने में भूमिका निभाई। इस मेले में इन उत्पादों को खरीदने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस मेले में आईं आगंतुक रुचि शर्मा ने बताया, इटाढ़ी किसान उत्पादक कंपनी ने बिहार के कृषि उत्पादों को राष्ट्रीय पहचान दिलाई है। मेले में इनके उत्पादों की भारी मांग ने साबित कर दिया कि स्वाद और गुणवत्ता का हमेशा सम्मान होता है। मुझे चने का सत्तू बहुत पंसद आया। गर्मियों में यह बहुत ही शानदार पेय है।

एक अन्य आगंतुक रेवा सहगल ने बताया, बिहार के इस स्टॉल पर उन्हें उत्पाद काफी पंसद आए। उन्होंने चने की दाल का बेसन खरीदा है। क्योंकि बारिश के मौके पर पकोड़े काफी पंसद किए जाते हैं। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न प्रकार के आचार खरीदे हैं। बता दें कि बिहार के ये उत्पाद अपने स्वाद और गुणवत्ता के लिए काफी लोकप्रिय हैं। कंपनी के आचार भी लोगों द्वारा काफी पंसद किए जाते हैं। ये आचार पारंपरिक तरीके से बनाए जाते हैं, जिसमें स्थानीय मसालों और विधियों का उपयोग किया जाता है, जिससे स्वाद और भी लाजवाब हो जाता है। कंपनी के सदस्य दीपक कुमार गुप्ता और विशाल कुमार सिंह ने बताया कि उनके उत्पादों की मांग बिहार में ही नहीं बल्कि देश के अन्य हिस्सों में भी तेजी से बढ़ रही है। कंपनी ने इन उत्पादों के माध्यम से किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य किया है। ऐसे मेले किसानों को अपने उत्पादों की मार्केटिंग और बिक्री के नए अवसर प्रदान करते हैं। और इस मेले से किसानों का आत्मविश्वास और बढ़ेगा।